आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 21.11.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने आज से चार नई श्रम संहिताएं लागू की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – सरकार उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही।
- उत्तराखंड में प्रवेश करने वाले बाहरी राज्यों के वाहनों पर दिसंबर माह से ग्रीन सेस लगेगा।
- और ... 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने अधिक से अधिक अंतर्राष्ट्रीय सह–निर्माण का आह्वान किया।

श्रम संहिताएं

केंद्र सरकार ने आज से चार नई श्रम संहिताएं लागू कर दी हैं। इसके साथ ही आज से न्यूनतम वेतन, नियुक्ति पत्र, समान वेतन, सोशल सिक्योरिटी, ओवरटाइम पर डबल वेतन, फिक्स टर्म ग्रेच्युटी और जोखिम वाले क्षेत्रों में 100 फीसदी स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य गारंटियां सभी श्रमिकों को मिलेंगी।

नई श्रम व्यवस्था को अब तक की मोदी सरकार का सबसे बड़ा बदलाव बताया जा रहा है। केंद्र सरकार का दावा है कि यह सिर्फ कानूनी अपडेट नहीं, बल्कि भारत के 40 करोड़ से अधिक कामगारों के जीवन में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। नए कानून से अब मनमानी और शोषण की गुंजाइश समाप्त होगी। युवाओं के लिए नौकरी में नियुक्ति पत्र को अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि नौकरी शुरू होते ही उनके अधिकार सुनिश्चित हो सकें।

आकाशवाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से तेजपाल सिंह बिष्ट।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और कुशल नेतृत्व में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा लागू की गई चार नई श्रम संहिताएँ न केवल श्रमिकों के अधिकारों को मजबूत करेंगी, बल्कि कार्यस्थलों पर पारदर्शिता, सुरक्षा और सम्मान की नई संस्कृति भी स्थापित करेंगी।

धार्मिक और सामाजिक महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

वे आज रुड़की स्थित जीवनदीप आश्रम में आयोजित पांच दिवसीय धार्मिक और सामाजिक महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में श्री धामी ने कहा कि स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज ने राष्ट्र, धर्म और मानवता की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर समाज को त्याग, करुणा तथा सेवा का पवित्र मार्ग दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सांस्कृतिक मूल्यों एवं सामाजिक

संरचना की रक्षा के लिए पूर्णत संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ''विकल्प रहित संकल्प'' के साथ राज्य को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संत–महात्माओं के आशीर्वाद और जनसहयोग से उत्तराखंड निश्चित ही एक आदर्श व अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित होगा।

शारदा कॉरिडोर

चम्पावत जिले के टनकपुर में बन रहे शारदा कॉरिडोर के निर्माण की
तैयारी शुरू हो गयी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल इस परियोजना के पहले चरण में 185 करोड़ 20 लाख की लागत से शारदा घाट का पुनर्निर्माण और अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। सिचाई विभाग के प्रमुख अभियंता राजीव पाण्डेय ने बताया कि परियोजना के तहत शारदा घाट के पुननिर्माण के तहत घाट को 2 मीटर ऊंचा , 5 सौ 30 मीटर लम्बा और 75 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है।

शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर

द्वितीय केदार भगवान मध्यमहेश्वर की उत्सव डोली अपने देव निशानों के साथ आज शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ पहुंची। भगवान मध्यमहेश्वर की देव डोली के आगमन पर रावल भीमाशंकर लिंग ने मंगलचौंरी और ब्राह्मणखोली में पूजा–अर्चना संपन्न की और मदमहेश्वर की डोली को सोने का छत्र चढ़ाया। इस दौरान सेना के बैंड सहित पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मंगल धुनों के बीच डोली का भव्य स्वागत किया। गौरतलब है कि 18 नवंबर को मंदिर के कपाट बंद हुए थे।

वहीं देहरादून जिले के विकासनगर–जौनसार बावर क्षेत्र में बूढ़ी दीपावली धूमधाम से मनाई जा रही है। पांच दिनों तक चलने वाले इस पर्व पर गांवों में रौनक बनी हुई है। यह पर्व जौनसार बावर क्षेत्र में सदियों से मनाया जाता आ रहा है।

उधर उत्तरकाशी जिले के पुजारगांव धनारी में पारंपरिक सिद्धेश्वर दिलंक मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिद्धेश्वर देवता मंदिर के पुजारी ने विशेष पूजा–अर्चना कर ग्रामीणों को आशीर्वाद दिया।

मेला समिति के अध्यक्ष पवन नौटियाल का कहना है कि मेले के जरिए वे अपने क्षेत्र की परंपराओं को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

ग्रीन सेस

उत्तराखंड में प्रवेश करने वाले बाहरी राज्यों के वाहनों पर आगामी दिसंबर माह से ग्रीन सेस लगेगा। इसके तहत दूसरे राज्यों से उत्तराखंड आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को राज्य की सीमा में प्रवेश करते ही एंट्री टैक्स के रूप में ग्रीन सेस देना होगा। इस प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए प्रदेशभर में 40 से अधिक ए एन पी आर कैमरे लगाए गए हैं। देहरादून के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, संदीप सैनी ने बताया कि परिवहन विभाग ने ग्रीन सेस व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्महोत्सव

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्महोत्सव के 56वें संस्करण का आज दूसरा दिन है। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने गोवा के पणजी में राजदूतों की गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की। प्रतिभागियों ने पायरेसी विरोधी उपायों को मजबूत करने, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सह–निर्माण का विस्तार करने और वैश्विक फिल्म समारोहों में भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देने पर चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. मुरुगन ने अधिक से अधिक अंतर्राष्ट्रीय सह–निर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि भारत स्वयं को विश्व के लिए एक स्टूडियो के रूप में स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगले 10 वर्षों में घरेलू मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र का आकार 31 अरब डॉलर से अधिक होने का अनुमान है।

मेडिकल स्टोर

पिथौरागढ़ जिले में नकली दवा की बिक्री पर रोक लगाने के लिए ड्रग विभाग सतर्क हो गया है। ड्रग इंस्पेक्टर पंकज पंत के नेतृत्व में विभाग के सदस्यों ने भारत–नेपाल सीमा पर स्थित झूलाघाट कस्बे में मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर दवा के सैंपल जांच के लिए भेजे।

निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक ने प्रतिष्ठान स्वामियों को दवा का सही ढंग से रख–रखाव करने को कहा। इस दौरान औषधि निरीक्षक ने दवा के क्रय–विक्रय बिलों का सत्यापन किया और नारकोटिक दवा केवल डॉक्टर के वैध पर्चे पर ही देने के निर्देश दिए गये।

बांग्लादेशी गिरफ्तार

ऑपरेशन कालनेमि के तहत देहरादून पुलिस ने एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। साथ ही बांग्लादेशी की पत्नी बनकर रह रही त्यूनी की महिला को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार फेसबुक के माध्यम से बांग्लादेशी नागरिक की त्यूनी निवासी महिला से सम्पर्क हुआ था। वर्ष 2022 में दोनों अवैध तरीके से बार्डर पार कर बांग्लादेश गए थे और 2022 में ही अवैध तरीके से दोबारा बांग्लादेश से बार्डर कर कर वापस भारत आए थे।

आपकी पूंजी आपका अधिकार

चमोली जिले के गोपेश्वर में आपकी पूंजी आपका अधिकार योजना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपभाक्ताओं को 3 लाख के चैक वितरित किये गये। इस दौरान प्रभारी जिलाधिकारी डाक्टर अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि जिला प्रशासन तहसील स्तर पर इस जागरूकता अभियान को गांव–गांव तक पहुंचायेगा ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबन्धक दीपक ममगाईं ने बताया कि यह योजना उपभोक्ताओं के हितों एवं अधिकार को देखते हुए संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित संभी बैंकों के 54 हजार ऐसे खाता धारक है जो अपना पैंसा लेने नहीं आये न उनका कोई उत्तराधिकारी बैंक पहुंचा। ऐसे में बैंक लोगों के पैसे लौटाने के लिए जागरूता शिविर आयोजित कर रहा है, ताकि उपभाक्ताओं को उनका पैंसा मिल सके। उधर जिला अग्रणी बैंक टिहरी, अल्मोड़ा में भी आपकी पूंजी आपका अधिकार योजना के तहत वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।